>

Title: Request to give status of Heritage City to Vadodara City.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । वडोदरा महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ का शहर है । इस शहर में काफी सारी हेरिटेज इमारतें हैं । वडोदरा शहर में हेरिटेज स्ट्रीट भी है । वडोदरा शहर हेरिटेज शहर के नाम से भी जाना जाता है । सर सयाजीराव गायकवाड़ ने कई सारी विरासत वडोदरा शहर को सेवा के लिए समर्पित की है । मैं आपके माध्यम से पर्यटन मंत्रालय से माँग करती हूँ कि वडोदरा शहर को हेरिटेज सिटी का दर्जा देने की सूची में रखा जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती रंजनबेन भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।